आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें
WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक 303 ● कटनी ● शुक्रवार, 10 दिसम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-7 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935



श्रद्धांजलि



## सीएसडी रावत की आज अंतिम यात्रा

# अलविदा देश के वीरों

नई दिल्ली। हेलीकॉप्टर हादसे में जान गंवाने वाले सीडीएस जनरल बिपिन रावत और उनकी पत्नी मधुलिका का आज अंतिम संस्कार किया जाएगा। इससे पहले इनके पार्थिव शरीरों को शुक्रवार सुबह 11 बजे से आम लोगों के अंतिम दर्शन के लिए उनके 3 कामराज मार्ग स्थित आवास पर रखा गया है जहां लोगों ने उनके अंतिम दर्शन किए। दोपहर 12=30 बजे से 1=30 बजे के बीच का समय सैन्य कर्मियों के लिए बिपिन रावत और उनकी पत्नी को श्रद्धांजलि देने के लिए रखा गया था। जनरल रावत की अंतिम यात्रा उनके आवास से बरार स्क्वायर श्मशान घाट तक अपराह्न करीब 2 बजे शुरू हुई। अंतिम संस्कार शाम 4 बजे निर्धारित है। वहीं, ब्रिगेडियर एलएस लिडर का अंतिम संस्कार आज दिल्ली कैंट में शाम 7=15 बजे किया जाएगा।

### जनरल बिपिन रावत को अमित शाह ने दी श्रद्धांजलि

इससे पहले सुबह 11 बजे से उनके निवास पर जनरल बिपिन रावत और उनकी पत्नी की पार्थिव देह को अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है। सीडीएस रावत के अंतिम श्रद्धांजलि देने के लिए अब से कुछ देर पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी उनके घर पहुंचे। भारतीय सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे, भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार, एयर चीफ मार्शल एवीआर चौधरी और रक्षा सचिव अजय कुमार सहित देश के शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने भी एक शोक समारोह में मृतकों को अंतिम श्रद्धांजलि दी ।दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ष्ठष्ठस् जनरल बिपिन रावत और उनकी पत्नी मधुलिका रावत को श्रद्धांजलि दी।

### राहुल गांधी ने किए अंतिम दर्शन

कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी सीडीएस बिपिन रावत व उनकी पत्नी मधुलिका रावत के अंतिम दर्शन के लिए उनके आवास पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि दी। एनएसए डोभाल, उत्तराखंड सीएम समेत कई ने दी श्रद्धांजलि सीडीएस बिपिन रावत व उनकी पत्नी मधुविका के पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन करने एनएसए अजीत डोभाल, उत्तराखंड सीएम पुष्कर सिंह धामी, कांग्रेस नेता हरीश सिंह रावत, दिल्ली के लेफ्टिनेंट गवर्नर अनिल बाजपेई समेत कई

## आंखों में आंसू, हाथों में तिरंगा, दिल में गर्व और गम...

### ब्रिगेडियर लिड्डर को पत्नी और बेटी ने भी भावपूर्ण अंतिम विदाई

नई दिल्ली। आंखों में आंसू, हाथों में तिरंगा, दिल में गर्व और गम...। तमिलनाडु में सीडीएस जनरल बिपिन रावत के साथ हेलिकॉप्टर क्रैश में दुनिया को अलविदा कहने वाले ब्रिगेडियर एल. एस. लिड्डर को श्रद्धांजलि देते हुए उनकी पत्नी और बेटी का यही हाल था। अंतिम संस्कार के समय लिड्डर की पत्नी बार-बार उनके ताबूत को चूमकर रोती रहीं। इसके बाद लिड्डर की बेटी ने अपने बहादुर पिता को मुखाग्नि दी ।दिल्ली कैंटर के बरार स्क्वैयर में ब्रिगेडियर लिड्डर की पत्नी और बेटी ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। डिफेंस मिनिस्टर राजनाथ सिंह समेत कई हस्तियां इस मौके पर पहुंची थीं, लेकिन हर किसी की नजरें उनकी पत्नी और बेटी पर थीं, जिनके आंसू गिरते रहे और वे श्रद्धांजलि देती रहीं। पत्नी ने ताबूत को चूमा, फूल अर्पित किए और देर तक उससे लिपटी रहीं ।फिर जब अंतिम संस्कार के लिए ले जाने से पहले लिड्डर के शव पर रखे तिरंगे को जब उन्हें सौंपा गया था तो सिर झुकाकर उसे माथे लगाया और देर तक रोती रहीं। पति को खोने का गम और देश सेवा के गर्व का मिलाजुला भाव उनके चेहरे पर देखने को मिल रहा था13 साल की बेटी अहाना और पत्नी को छोड़कर गए लिड्डर का हाल ही में मेजर जनरल के पद पर प्रमोशन होने वाला था,

## 378 दिन बाद किसान आंदोलन खत्म

# दिल्ली बॉर्डर से टेंट उखड़ने लगे

चंडीगढ़। दिल्ली बॉर्डर पर 378 दिन से चल रहा किसान आंदोलन खत्म हो गया है। किसान नेता बलबीर राजेवाल ने कहा कि अहंकारी सरकार को झुकाकर जा रहे हैं। हालांकि यह मोर्चे का अंत नहीं है। हमने इसे स्थगित किया है। 15 जनवरी को संयुक्त किसान मोर्चा की फिर मीटिंग होगी, जिसमें आंदोलन की समीक्षा करेंगे। सिंघु बॉर्डर पर किसानों ने टेंट उखाड़ने शुरू कर दिए हैं। इसके अलावा वापसी की तैयारी भी शुरू कर दी गई है। वहीं, आंदोलन की अगुआई करने वाले पंजाब के 32 किसान संगठनों ने अपना कार्यक्रम भी बना लिया है, जिसमें 11 दिसंबर को दिल्ली से पंजाब के लिए फतेह मार्च होगा। सिंघु और टिकरी बॉर्डर से किसान एक साथ पंजाब के लिए वापस रवाना होंगे। 13 दिसंबर को पंजाब के 32 संगठनों के नेता अमृतसर स्थित श्री दरबार साहिब में मत्था टेकेंगे। उसके बाद 15 दिसंबर को पंजाब में करीब 113 जगहों पर लगे मोर्चे खत्म कर दिए जाएंगे। हरियाणा के 28 किसान संगठन भी अलग से रणनीति बना चुके हैं।



**11 दिसंबर को फतेह मार्च**
**15 को पंजाब के सब मोर्चे खत्म**

इन मुद्दों पर बनी सहमति

रुस्क = केंद्र सरकार कमेटी बनाएगी, जिसमें संयुक्त किसान मोर्चा के प्रतिनिधि लिए जाएंगे। अभी जिन फसलों पर रुस्क मिल रही है, वह जारी रहेगी। रुस्क पर जितनी खरीद होती है, उसे भी कम नहीं किया जाएगा।

केस वापसी -हरियाणा और उत्तर प्रदेश सरकार केस वापसी पर सहमत हो गई हैं। दिल्ली और अन्य केंद्रशासित प्रदेशों के साथ रेलवे द्वारा दर्ज केस भी तत्काल वापस होंगे।

## जनरल बिपिन रावत के हेलिकॉप्टर क्रैश पर चीन का तंज

**कहा. भारतीय सेना में अनुशासन की कमी**

**नई दिल्ली।** चीफऑफडिफेंस स्टाफजनरल बिपिन रावत की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में हुई मौत को लेकर चीन ने इसे भारतीय सेना के अनुशासन की कमी बताया है। चीनी सरकार के मुखपत्र अखबार ग्लोबल टाइम्स ने कहा है कि इस घटना ने भारत के युद्ध की तैयारियों की कमी को उजागर कर दिया है। इसके साथ ही देश के सैन्य आधुनिकीकरण को भी भारी झटका दिया है जो लंबे वक्त तक बना रह सकता है। ग्लोबल टाइम्स ने एनालिस्ट्स के हवाले से कहा है कि चीन के विरोध में रहने वाले भारत के सबसे बड़े सैन्य अधिकारी के चले जाने के बाद भी बॉर्डर पर दोनों देशों के आक्रामक रुख में बदलाव की कोई संभावना नहीं है। चीन ने कहा है कि रावत की मौत शायद भारतीय सेना की आधुनिकीकरण योजना को अस्त.व्यस्त कर सकती है। ग्लोबल टाइम्स ने लिखा है कि भारत को एक ढीली और अनुशासनहीन मिलिट्री कल्चर के लिए जाना जाता है और भारतीय सैनिक अधिकतर स्टैण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर और नियमों का पालन नहीं करते हैं।

## रवि शास्त्री ने निकाली भड़ास



### बोले- बीसीसीआई में ऐसे लोग मौजूद थे, जो नहीं चाहते थे कि मैं हेड कोच बनूं

नई दिल्ली। 2016 में रवि शास्त्री की जगह अनिल कुंबले को टीम इंडिया का हेड कोच बनाया गया था। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने कुंबले को कोच बनाया था, शास्त्री ने लंबे समय बात इसको लेकर अपनी चुप्पी तोड़ी है। शास्त्री ने कहा कि जिस तरह से उनको हटाया गया था, वह तरीका सही नहीं था और उससे उन्हें तकलीफ पहुंची थी। इंटरनैशनल क्रिकेट से संन्यास के बाद शास्त्री लंबे समय तक क्रिकेट से जुड़े रहे हैं। 2007 में नैशनल क्रिकेट एकैडमी (एनसीए) के हेड बनने के बाद शास्त्री ने टीम इंडिया के डायरेक्टर बने और फिर बाद में हेड कोच। शास्त्री ने एक इंटरव्यू में 2017 का जिक्र किया है। शास्त्री ने इंटरव्यू में बताया कि बीसीसीआई में कुछ लोग मौजूद थे, जो चाहते थे कि वह टीम इंडिया के कोच ना बनें। उन्होंने कहा, च्मुझे इस फैसले से दुख हुआ था, क्योंकि जिस तरह से मुझे हटाया गया था, वह तरीका सही नहीं था। मैंने जो कुछ भी किया, उसके बाद मुझे जिस तरह से हटाया गया, वह मुझसे कह सकते थे



## एमएम नरवणे या आर हरिकुमार हो सकते हैं देश के अगले CDS

**ज्यादा दिनों तक खाली नहीं रहेगा पद**

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के कन्नूर में हेलिकॉप्टर क्रैश में ष्ठष्ठस् बिपिन रावत के असामयिक निधन के बाद अब सभी यह जानना चाहते हैं कि आखिर अब उनकी जगह कौन संभालेगा? देश में नए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (ष्ठष्ठस्) की नियुक्ति को लेकर अटकलें तेज हो चुकी है और इस रेस में फिलहाल नौसेना प्रमुख आर. हरिकुमार, और सेना प्रमुख एमएम नरवणे का नाम सबसे आगे हैं। जानकारों के मुताबिक नौसेना प्रमुख आर. हरिकुमार का पक्ष ज्यादा मजबूत माना जा रहा है कि क्योंकि पिछली बार थलसेना से जनरल बिपिन रावत को ष्ठष्ठस् बनाया गया था, इसलिए संभव है कि इस बार थल सेना के स्थान पर नौसेना प्रमुख आर. हरिकुमार को देश का अगला सीडीएस बनाया जाए। साथ ही आर. हरिकुमार दिवंगत जनरल बिपिन रावत के साथ डिप्टी ष्ठष्ठस् के रूप में भी काम कर चुके हैं और उन्हें ष्ठद्धद्बद्गद्घ शद्ध ,हद्ब4 ष्ठद्गद्घद्गठ्ठह्यद्ग के पद के अनुरूप काम का अनुभव भी है। हरिकुमार हाल ही में नौसेना प्रमुख बने हैं और 62 साल तक सेवा दे सकते हैं, जबकि ष्ठष्ठस् की पोस्टिंग 63 साल के लिए की जा सकती है ।वहीं दूसरी ओर थल सेनाध्यक्ष जनरल एमएम नवरणे भी देश के अगले सीडीएस बन सकते हैं क्योंकि नरवणे अगले साल अप्रैल में रिटायर होंगे। नरवणे यदि ष्ठष्ठस् बनते हैं तो उन्हें करीब एक साल तक इस पर काम करने का मौका मिलेगा। इसके अलावा वायुसेना प्रमुख ङ्कक्रचौधरी भी ष्ठष्ठस् पद के लिए प्रमुख दावेदार माने जा रहे हैं। केंद्र सरकार नए सीडीएस पर जल्द ही नियुक्ति का फैसला कर सकती है, क्योंकि यह पद ज्यादा दिनों तक खाली नहीं रखा जा सकता है।

## राजस्थान से आई राहत की खबर

### ओमिक्रॉन से संक्रमित सभी 9 मरीज निगेटिव, अस्पताल से छुट्टी

जयपुर ।कोरोना वायरस के ओमिक्रॉन वैरिएंट से संक्रमित सभी नौ मरीज की रिपोर्ट निगेटिव आई है। उन्हें जयपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था ।रिपोर्ट आने बाद वहां से छुट्टी दे दी गई है। राज्य के स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, सभी नौ मरीज पूरी तरह से स्वस्थ और बिना लक्षण वाले हैं। उनका रक्त, सीटी स्कैन और अन्य परीक्षण सामान्य हैं। डॉक्टरों ने उन्हें सात दिनों तक होम क्वारंटाइन में रहने की सलाह दी है ।उन्होंने कहा, जीनोम सीक्वेंसिंग की रिपोर्ट आने के बाद संक्रमित व्यक्तियों को आरयूएचएस में भर्ती कर इलाज शुरू किया गया।




## बढ़ती महंगाई के बीच एक और बुरी खबर

# अगले साल से अस्पतालों में इलाज करवाना हो सकता है महंगा

नई दिल्ली। देश में बढ़ती महंगाई के बीच एक और बुरी खबर है। पेट्रोल-डीजल, एलपीजी सिलेंडर से लेकर खाने-पीने की चीजों के बढ़ते दाम के बीच अब इलाज कराना भी महंगा हो सकता है। प्राइवेट अस्पताल इलाज के खर्चों में वृद्धि करने के मूड में हैं। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो अगले साल से चिकित्सा उपचार यानी मेडिकल ट्रीटमेंट और अधिक महंगा हो सकता है क्योंकि अपोलो और फोर्टिस सहित प्रमुख प्राइवेट हॉस्पिटल्स बढ़ती लागत के बीच ट्रीटमेंट पैकेज दरों को 5-10त्न तक बढ़ाने पर विचार कर रहे हैं। यहां ध्यान देने वाली



बात है कि ये अस्पताल नकद भुगतान करने वाले मरीजों के लिए कीमत बढ़ाने पर विचार कर रहे हैं। कुछ निजी अस्पतालों के अधिकारियों ने इंग्लिश वेबसाइट ईटी को बताया कि पैकेज दरों का संशोधन 2021-22 के अंत तक होने की संभावना है। फोर्टिस हेल्थकेयर के प्रवक्ता ने कहा कि हम महत्वपूर्ण ओवरहेड्स (किसी कंपनी के बंधे खर्चे (लाइट, रेंट आदि पर होने वाले नियमित ०?यय) के साथ एक बड़ी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल चेन हैं। हम 2019 के बाद कोरोना की वजह से बढ़ते मैनपावर लागत और अन्य परिचालन लागतों से प्रभावित होने के बावजूद समान दरों पर मरीजों का इलाज कर रहे हैं। हम स्थिति का मूल्यांकन कर रहे हैं और उचित समय पर पैकेज टैरिफ सुधार के बारे में निर्णय लेंगे।

## कानपुर पुलिस का बर्बर चेहरा

# गोद में बच्चा लिए पिता को लाठी से पीटा बिलखते मासूम को देखकर भी तरस नहीं आया

**कानपुर ।** उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात में पुलिस की बर्बरता का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें बच्चे को गोद में लिए एक शख्स पर अकबरपुर कोतवाल वीके मिश्रा जमकर लाठी बरसाते हुए नजर आ रहे हैं। ये कानपुर देहात के अकबर पुर इलाके के जिला अस्पताल के सामने की घटना है। इंस्पेक्टर ने न सिर्फ लाठियों से हमला किया, बल्कि उसके बच्चे को भी छीनने की कोशिश की। पुलिस का दावा है कि इस शख्स ने एक इंस्पेक्टर के हाथ पर काट लिया था। वीडियो वायरल होने के बाद अकबरपुर इंस्पेक्टर को एडीजी जोन भानु भास्कर ने सस्पेंड कर दिया है। इससे पहले देर रात इंस्पेक्टर को लाइन हाजिर किया गया था। वीडियो में युवक बच्चे को लग जाएगी, मत मारिए, कहते हुए सुनाई दे रहा है। वहीं इंस्पेक्टर सहित कई पुलिसकर्मी उसका पीछा करते हैं और कुछ अधिकारी बच्चे को जबरदस्ती उससे दूर खींचने की कोशिश करते हैं। इस दौरान युवक कह रहा है कि यह उसका बच्चा है और इसकी मां भी नहीं है। बच्चा रोने लगता है लेकिन पुलिस को उसपर कोई तरस नहीं आता है। पुलिस ने बताया कि युवक कानपुर देहात के अकबरपुर में जिला अस्पताल का कर्मचारी है और उसका भाई उपद्रव करने वाले लोगों में शामिल है।



# कॉल रिसीव करते ही दिखी कपड़े हटाती लड़की

### अगले मैसेज में मिला ब्लैकमेलिंग का विडियो

**लखनऊ।** फर्जी अश्लील विडियो बनाकर लोगों से रुपये वसूलने वाले गिरोह ने एक और व्यक्ति को अपना शिकार बना लिया। पीड़ित ने तालकटोरा थाने में एफआईआर करा दी है ।राजाजीपुरम सी-ब्लॉक में रहने वाले 40 वर्षीय व्यक्ति ने एफआईआर लिखायी कि रविवार को उनके मोबाइल पर एक विडियो कॉल आयी। यह कॉल रिसीव करने पर एक युवती दिखी। वह अचानक अपने शरीर से कपड़े हटाने लगी। फिर कॉल कट गई। कुछ देर बाद ही उन पर एक अश्लील विडियो आया जिसमें वह दिख रहे थे। इससे वह सकते में आ गये। कुछ देर बाद उसी नम्बर से फिर फोन आया और एक युवती ने अपना नाम पिंकी शर्मा बताया।



## एक दूजे के हुए विक-कैट | शेयर की फोटो

# लिखा- आप सबका प्यार और आशीर्वाद चाहिए

**सवाई माधोपुर।** विक्की-कटरीना ने गुरुवार की शाम सात फेरे ले लिए। सवाई माधोपुर के बरवाड़ा फोर्ट में यह हाईप्रोफाइल शादी सम्पन्न हो गई। कटरीना कैफ और विक्की कौशल ने शादी के बाद अपने फोटोज भी शेयर किए। इसके साथ कटरीना ने लिखा, हमारे दिलों में बसा एक दूसरे के लिए प्यार और सम्मान आज यहां तक ले आया। हमारी नई जिंदगी के लिए आप लोगों का प्यार और आशीर्वाद की जरूरत है। इससे पहले दो दिन तक उनका प्री-वेडिंग फंक्शन चला। बरवाड़ा फोर्ट में मंडप सजाया गया था। गुरुवार सुबह दिल्ली से फूल मंगाए गए थे। शादी के बाद विक्की-कटरीना ने फोर्ट के बाहर मौजूद अपने फैंस के लिए मिठाइयां और केक भेजा। बाहर मौजूद ग्रामीणों ने शादी की बधाई दी। विक्की-कटरीना की कुछ फोटो भी



सामने आई हैं। इसमें कटरीना लाल जोड़े में नजर आ रही हैं। विक्की-कटरीना की एक झलक देखने के लिए सुबह से ग्रामीण इंतजार कर रहे थे। शाम को फेरे के बाद कपल की ओर से गांव वालों को मिठाई भेजी गई ।विक्की-कटरीना की एक झलक देखने के लिए सुबह से ग्रामीण इंतजार कर रहे थे। शाम को फेरे के बाद कपल की ओर से गांव वालों को मिठाई भेजी गई ।कपल की शादी में आने वाले स्पेशल गेस्ट के लिए गुरुवार को सुबह 10=30 बजे तक कोर्टिल रेस्टोरेंट में ब्रेकफास्ट रखा गया था। इस बीच, एक छोटी पार्टी हुई। दोपहर 1 बजे सेहराबंदी और 3 बजे मंडप का कार्यक्रम हुआ। मंडप के कार्यक्रम के बाद शाम 6 बजे गोधूलि बेला में कपल ने सात फेरे लिए। 8 बजे से डिनर कार्यक्रम शुरू होगा, जो यह रात 1 बजे तक चलेगा। इसी के साथ वेडिंग सेरेमनी होगी।

## प्रियंका के दौरे के दिन गोवा में कांग्रेस को झटका

# कई नेताओं ने दिए इस्तीफे

**कहा- चुनाव को लेकर गंभीर नहीं पार्टी**

**पणजी।** बीते कुछ वक्त से तटीय राज्य गोवा में मुश्किलों का सामना कर रही कांग्रेस को शुक्रवार को एक बार फिर से झटका लगा है। पोरवोरिम विधानसभा सीट के कई नेताओं ने इस्तीफे दे दिए हैं। अहम बात यह है कि ये इस्तीफे शुक्रवार सुबह उस वक्त दिए गए हैं, जब प्रियंका गांधी राज्य के दौरे पर आ रही हैं। इन नेताओं का कहना है कि कांग्रेस राज्य में विधानसभा चुनाव लड़ने को लेकर सीरियस नहीं दिख रही है। कुछ नेताओं के एटिट्यूड से ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस चुनाव लड़ने को लेकर गंभीर नहीं है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य गुपेश नायत ने कहा, कांग्रेस पार्टी राज्य में चुनाव को लेकर गंभीर नहीं दिख रही है। अब तक उसने अपनी कोई तैयारी भी शुरू नहीं की है। कहा जा रहा है कि इस्तीफा देने वाले नेताओं का गुट निर्दलीय विधायक रोहन खौंटे को समर्थन कर रहा है। दक्षिण गोवा के सीनियर नेता मोरेनो रेबेलो ने भी कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। अपना इस्तीफा देते हुए रेबेलो ने लिखा है कि वह मौजूदा विधायक एलेक्सियो रेगिनाल्डो को एक बार फिर से टिकट दिए जाने से निराश हैं।

## चीन ने टेनिस स्टार पेंग शुआई का इंटरनेट रोका

**बीजिंग।** चीनी सरकार न्यूज सेंसर करने के लिए जानी जाती है। चीन ने ऑनलाइन जाने के 20 मिनट बाद टेनिस स्टार पेंग शुआई का इंटरनेट रोक दिया। पेंग शुआई ने आनलाइन जाकर पूर्व उप-प्रधानमंत्री झांग गाओली पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया। पिछले महीने पेंग ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखकर कहा था कि पूर्व उप प्रधानमंत्री झेंग गाओली ने लगातार इनकार करने के बावजूद उनके साथ यौन संबंध बनाया। हालांकि, सरकार ने इस पोस्ट को सोशल मीडिया से हटा दिया, साथ ही चीनी मीडिया में भी इस खबर को दबा दिया गया। जब भी चीनी इंटरनेट पर ऐसी खबरें आती हैं, तो सेंसर हरकत में आ जाते हैं और खबरों को दबा देते हैं।









# भारत मां के वीर सपूतों को शहर ने दी श्रद्धांजलि

**कटनी।** 08 दिसंबर को एयर फोर्स के हेलीकाप्टर क्रेश (दुर्घटनाग्रस्त) होने से हमारे देश के पहले सीडीएसजनरल स्वर्गीय विपिन रावत जी एवं उनकी पत्नी श्रीमंती मधुलिका रावत जी व अन्य 11 वीर 11 जवानो को एनएसयूआई ने कचहरी चौक में एनसीसी कैडटस की उपस्थिति में श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। एनएसयूआई के मुड़वारा विधानसभा अध्यक्ष शुभम मिश्रा इंदिरा गांधी ब्लॉक अध्यक्ष वंशुल तिवारी ने बताया कि जिलाध्यक्ष अंशु मिश्रा के निर्देश भारत मां के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दी गई। इसी तरह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने सुभाष चौक में जनरल बिपिन रावत तथा सभी दिवंगतो के नाम मोमबत्ती जलाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर जिला संगठन मंत्री आशुतोष तिवारी, जिला संयोजक सिसेन रजा, जिला सह संयोजक सीमांत दुबे, नगर मंत्री ऋषभ मिश्रा, भाग संयोजक शुभान अली, शुभ गर्ग, अमर चौधरी आदि उपस्थित थे।



### आप ने मोमबत्तियां जलाकर किया नमन

सेना प्रमुख विपिन रावत व उनकी धर्मपत्नी व देश के 13 जवान सेना अधिकारियों की आकस्मिक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में निधन हुआ, जो देश की बहुत बड़ी छति है। पूरा देश शोक संतृप्त है। आम आदमी पार्टी जिला कटनी द्वारा सुभाष चौक कटनी में मोमबत्तियां जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुनील मिश्रा, विनोद शर्मा, अफरोज अहमद, गुसेश्वर साहू, लक्की सिंह रावत, यूथ विंग जिलाध्यक्ष प्रतीक पाठक, शुभम ताम्रकार, अभिषेक बजाज, सुदामा इडनानी, अनमोल मांगवानी गोलू, सोनू गट्टानी, शमीमुद्दीन अंसारी, प्रकाश जैन आदि साथियों के साथ आमजनों ने भी मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।



### तिलक कॉलेज में अभाविप ने दी श्रद्धांजलि

शासकीय तिलक महाविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जिमसें श्रेयांशु त्रिपाठी, शुभ गर्ग, योगेश श्रीवास, अमर चौधरी, अभिनव तिवारी, हेमंत अहिरवार, अनिकेत तिवारी, हर्ष दुबे, विनय, साहिल शर्मा, अमरनाथ, रोहित, अशोक, लवकुश, प्रभात तिवारी, किशन नामदेव, राजा यादव एवं परिषद के कार्यकर्ता और महाविद्यालय के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### युवा मोर्चा कटनी ग्रामीण मंडल ने किया पुण्य स्मरण

भाजपा युवा मोर्चा कटनी ग्रामीण मंडल द्वारा भारत के सच्चे सपूत बिपिन रावत जी को कचहरी चौक में श्रद्धांजलि अर्पित दी गई जिसमें सभी साथी उपस्थित रहे सौरभ अग्रवाल लखन साहू छेदामी प्रसाद राठौर आशीष जलोहा प्रियांशु गुप्ता अनिल गर्ग अमीन राकेश बर्मन विमल साहू

# पटरी पर लेटी रही युवती फुल स्पीड से निकल गई ट्रेन

## विलायतकला रेलवे स्टेशन के समीप घटना

**कटनी।** जाको राखे साइयां मार सके न कोए कटनी में एक ऐसी घटना सामने आई है, जिसे चमत्कार ही कह सकते हैं, उपरोक्त कहावत इस घटना पर बिल्कुल सटीक बैठती नजर आ रही है। यहां सुसाइड करने के लिए एक युवती रेलवे ट्रेक पर आकर लेट गई, लेकिन शायद यमराज को भी यह मंजूर नहीं था, ऐसे में तेज रफ्तार से आ रही ट्रेन भी युवती के ऊपर से होकर गुजर गई, लेकिन युवती को एक खरोच भी नहीं आई।



### आत्महत्या के इरादे से लेटी थी

जानकारी के अनुसार कटनी जिले के विलायतकला रेलवे स्टेशन के समीप गुरुवार शाम करीब 6 बजे एक युवती आत्महत्या के इरादे से ट्रेन की पटरियों के बीच में जाकर लेट गई। इस दौरान उमरिया से कटनी आ रही तेज रफ्तार मालगाड़ी युवती के ऊपर से निकल गई, आश्चर्य की बात तो यह है कि मालगाड़ी के ड्राइवर की नजर भी उस युवती पर पड़ गई थी, इसके बाद उन्होंने इमरजेंसी ब्रेक भी लगाए लेकिन तब तक ट्रेन निकल चुकी थी।

### फुल स्पीड में थी ट्रेन

मालगाड़ी की रफ्तार इतनी तेज थी कि पूरी ट्रेन ब्रेक लगाने के बाद भी युवती के उपर से निकल गई थी। फिर मालगाड़ी रूकने के बाद ड्राइवर कौशलेंद्र कुमार, उदित कुमार और गार्ड राजीव कुमार युवती के पास पहुंचे तो देखकर चकित रह गए। बालिका बेहोश हो गई थी, लेकिन चोटें नहीं आई थी। फौरन ही रेलवे के ड्राइवर व गार्ड ने मानवता दिखाते हुए स्टेशन मास्टर को सूचना दी। एंबुलेंस की व्यवस्था कर युवती को बड़वारा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया गया। बालिका ने अपना नाम देवरा गांव निवासी सोनम यादव बताया।

## वेदर सिस्टम का असर, शनिवार से ठंड बढ़ने के आसार

**कटनी।** उत्तर भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और वातावरण में कुछ नमी आने के कारण मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में मध्यम स्तर पर बादल छा रहे हैं। इस वजह से कटनी में न्यूनतम तापमान में अपेक्षित गिरावट नहीं हो पा रही है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक शुक्रवार को पश्चिमी विक्षोभ के आगे बढ़ने की संभावना है। इसके बाद शनिवार से न्यूनतम तापमान में गिरावट होने के आसार हैं। कटनी सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में ठंड बढ़ेगी। भोपाल के मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि गुरुवार को जबलपुर संभाग के अधिकांश जिलों का अधिकतम तापमान 24.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से दो डिग्री सेलसियस कम रहा। यह बुधवार के अधिकतम तापमान (25.2 डिग्रीसे.) की तुलना में 0.3 डिग्री कम रहा। वर्तमान में उत्तर भारत में एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ ट्रफ के रूप में बना हुआ है। इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश के मध्य भाग में हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। इससे मौसम में गर्माहट है।

# 23 दिसंबर की रात सबसे लंबी होगी और दिन सबसे छोटा

**कटनी।** 23 दिसंबर की रात सबसे लंबी होगी और दिन सबसे छोटा होगा। 23 दिसंबर से दिन कि लंबाई बढ़ने का सिलसिला शुरू हो जाएगा और 21 जून तक चलेगा। ज्योतिषाचार्यो ने बताया कि 23 दिसंबर को सूर्योदय सुबह 7.02 बजे व अस्त 5.31 बजे होगा। 23 दिसंबर को सूर्य पृथ्वी से बहुत दूर रहेगा। इस दिन साल का सबसे छोटा दिन व सबसे लंबी रात होगी। इसके बाद से दिन की अवधि बढ़ना शुरू हो जाएगी। 23 दिसम्बर को दिन की अवधि 10 घंटे 29 मिनट है। रात 13 घंटे 31 मिनट की रहेगी। गोलार्ध में दिन की अवधि छोटी व दक्षिणी गोलार्ध में दिन की अवधि बड़ी होती है। उत्तरी गोलार्ध में 23 दिसंबर से दिन की अवधि बढ़ने लग जाती है। इस दौरान उत्तरी ध्रुव पर रात हो जाती है।



सोलस्टिक एक खगोलीय घटनाः मकर संक्रांति यानी सोल्सटिस एक खगोलीय घटना है, जो कि दो बार, एक गर्मियों में और एक बार सर्दियों में होती है। हर साल सूर्य को जब उत्तर या दक्षिण ध्रुव से देखा जाता है तो साल का सबसे बड़ा दिन 21 जून होता है। इस दिन सूर्य की किरण ज्यादा देर तक रहती है और 23 दिसम्बर साल का सबसे छोटा दिन होता है, क्योकि इस दिन सूर्य की किरण पृथ्वी पर कम समय के लिए रहती है। ये साल के वो दिन होते हैं, जिसमें दिन और रात की लंबाई में सर्वाधिक अंतर होता है। यह एक खगोलीय सामान्य घटना है, जो हर वर्ष होती है। खगोलविदों के लिए यह काफी खास है।

**परिवार नियोजन में लापरवाही, परिजनों ने डॉक्टरों पर लगाया गंभीर आरोप, बरही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का मामला**

# बेहोशी का इंजेक्शन लगाकर सर्जन ने नहीं किया ऑपरेशन, कई घंटे मिन्नतें करते रहे परिजन

**कटनी।** जिले में चल रहे परिवान नियोजन शिविरों में बड़ी बेपरवाही बरती जा रही है। पिछले वर्ष गंभीर लापरवाही से एक महिला की बिलहरी में मौत हो गई थी। जिस मामले को सीएम ने संज्ञान में लिया और तत्कालीन कलेक्टर एस बी सिंह को हटाया था। इसके बाद भी लगातार बेपरवाही सामने आ रही है। जिले में स्वास्थ्य विभाग से लेकर कलेक्टर की निगरानी पर सवालिया निशान लग रहे हैं। गौरतलब है कि बरही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अव्यवस्थाओं के बीच नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं पहुंची। सुबह से शाम तक महिलाएं एवं उनके परिजन ऑपरेशन कराने के लिए परेशान थे। हितग्राही राम दुलारे जायसवाल सलैया, राम नरेश तिवारी भरौली, अशोक कुमार साहू कनौर, रावेंद्र बर्मन भरौली निवासी ने बताया कि बरही अस्पताल में नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ऑपरेशन कराने ग्रामीण क्षेत्र की दर्जनों महिलाएं पहुंची है। उमरिया जिला और कटनी जिले की करीब 80 महिलाएं का ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया है और सुबह से महिलाएं भूखे पेट ऑपरेशन कराने अस्पताल परिसर में डॉक्टरों के इंतजार मे बैठी रही। दोपहर 3 बजे उमरिया जिले के सर्जन नसबंदी ऑपरेशन करने अस्पताल पहुंचे। 4 बजे तक करीब 40 महिलाओं का ऑपरेशन कर मानपुर के लिए निकल गए। हितग्राहियों का आरोप है कि करीब तीन दर्जन महिलाओं को नसबंदी ऑपरेशन के पूर्व 2 बजे बेहोशी का इंजेक्शन दिया गया और डॉक्टर बिना ऑपरेशन किए मानपुर के लिए रवाना हो गए। रविंद कुमार बर्मन ने बताया पत्नि का ऑपरेशन कराने लेकर 10 बजे आए थे। 6 बजे तक ऑपरेशन नहीं किया गया। आधे ऑपरेशन कर सर्जन गायब हो गए हैं। दर्जनों महिलाएं परेशान हुई। परिजनों ने बताया कि इस समस्या को लेकर सीएमएचओ डॉ.प्रदीप मुड़िया को समस्या बतानी चाही लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। जि मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे, जिससे गंभीर मनमानी हो रही है। चांदनी गुप्ता निवासी अमरपुर ने कहा कि ऑपरेशन कराने पहुंचे थे। पांच घंटे से इंतजार कर रहे थे। तीन घंटे इंजेक्शन लगने को बीत गए लेकिन डॉक्टर ने ऑपरेशन नहीं किया। डाक्टर छोड़कर मानपुर चले गए। कुसुम यादव निवासी अमरपुर ने बताया कि ऑपरेशन के पहले लगने वाले तीन इंजेक्शन लग गए लेकिन ऑपरेशन नहीं किया गया। अचेतावस्था भी ठीक हो गई। डॉक्टर आकर भी चले गए।



### इनका कहना है

40 महिलाओं का ऑपरेशन दोपहर तक किया गया। इसके बाद ओटी को साफ कराकर बाकी महिलाओं के ऑपरेशन शाम को किए गए। एक साथ सभी महिलाओं के ऑपरेशन होना संभव नहीं था। परिजनों के द्वारा लगाए गए आरोप कि ऑपरेशन के लिए चिन्हित महिलाओं को बेहोशी का इंजेक्शन लगाकर छोड़कर जाने की ऐसी कोई बात नही है।

*डॉ.राममणि पटेल, बीएमओ बरही।*

# भारत के उत्तर और पूर्वी हिस्से के लिए जबलपुर और कटनी से होते हुए माल यातायात के लिए फायदेमंद साबित होगी थर्ड लाइन

## पमरे के कटनी-बीना तिहरीकरण के कार्य की कुल लंबाई 278 किमी


**कटनी।** पमरे के कटनी-बीना तिहरीकरण के कार्य की कुल लंबाई 278 किमी एवं इस परियोजना का अनुमानित लागत रुपये 2630 करोड़ स्वीकृत किया गया है। इसके अंतर्गत बीना मालखेड़ी से खुरई, सागर से नरयावली, मकरोनिया से लिधौराखुर्द और हरदुआ से रीठी तक का 62 किमी कार्य पूराकर लिया गया है। इसी क्रम में इस रेलखण्ड पर थर्ड लाईन के कार्य मे इसरवारा-नरयावली और सागर-मकरोनिया रेलखण्ड पर तेजी से गति प्रदान करते हुए अधोसंरचना के कार्य में रफ्तार पकड़ी है।



इसरवारा और नरयावली दोनों सागर जिले के महत्वपूर्ण स्टेशन है। नरयावली आइओसीएल डिपो के लिए सैटेलाइट स्टेशन की तरह है। भारत के उत्तर और पूर्वी हिस्से के लिए जबलपुर और कटनी स्टेशन से होते हुए माल यातायात के लिए फायदेमंद साबित होगा। इसरवारा क्षेत्र कृषि की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। तीसरी लाइन के बन जाने से बीना-कटनी रेलखंड के मौजूदा रूट की भीड़भाड़ को कम करने में मदद मिलेगी। यह पश्चिम मध्य रेल का कोल यातायात के लिए बहुत महत्वपूर्ण रेल मार्ग है। रेलखण्ड पर इसरवारा-नरयावली कुल लंबाई 7 किमी की परियोजना की कुल लागत लगभग रुपये 74 करोड़ है। इस रेलखण्ड पर 1 महत्वपूर्ण पुल, 5 छोट पुल और 2 एलएचएस बनाये जा रहे हैं।


सागर और मकरोनिया दोनों सागर जिले के महत्वपूर्ण स्टेशन है। भारत के उत्तर और पूर्वी हिस्से के लिए जबलपुर और कटनी स्टेशन से होते हुए माल यातायात के लिए फायदेमंद साबित होगा। मकरोनिया क्षेत्र कृषि एवं रक्षा (डिफेंस) की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। तीसरी लाइन के बन जाने से बीना-कटनी रेलखंड के मौजूदा रूट के यातायात दबाव को कम करने में मदद मिलेगी। यह पश्चिम मध्य रेल का कोल यातायात के लिए बहुत महत्वपूर्ण रेल मार्ग है। रेलखण्ड पर सागर-मकरोनिया कुल लंबाई 08 किमी की परियोजना की कुल लागत लगभग रुपये 70 करोड़ रुपये है। इस रेलखण्ड पर 11 पुल और 02 आरओबी बनाये जा रहे है। इन दोनों रेलखण्डों की तिहरीकरण रेल लाइन का कार्य को बल मिलेगा। इस रेलखण्डों को फरवरी 2022 तक कमीशन करने का लक्ष्य रखा गया है।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज, शानदार दूसरा सप्ताह





रोजाना 2 शो दोपहर 2 बजे एवं रात्रि 10.15 बजे से
तड़प
कलाकार- अहान शेट्टी, तारा सुतारिया, सौरभ शुक्ला, कुमुद मिश्रा, सुमित गुलाटी आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है

सिटी मॉल बरही रोड में
10 दिसम्बर से ऑल इंडिया रिलीज




रोजाना 3 शो दोपहर 12 बजे 4 :30, 5 :30 बजे से
VELLE
द क्राइम कॉमेडी फिल्म
एडवांस बुकिंग चालू है

ता. 10 दिसम्बर से
JOIN US : नीरज सिनेप्लेक्स




ऑल इंडिया रिलीज
MUDDY
(हिन्दी में)
एक्शन, एडवेन्चर मूवी
कलाकार - रिधान कृष्णा, सुरेश अनुया, रेन्जी पनिकर, हरीश पेराडी आईएम विजयन, अमित नायर, सुनील सुखाड़ा, मनोज गिनीज।
रोजाना 3 शो ता. 10 दिसम्बर से 12 PM, 3PM और 6 PM

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

सिटी मॉल बरही रोड में
10 दिसम्बर से ऑल इंडिया रिलीज




रोजाना 5 शो दोपहर 12 :30, 3 बजे, शाम 7, 8 एवं रात्रि 9 :30 बजे
चंडीगढ़ करे आशिकी
रोमांस एवं कॉमेडी से भरपूर लव स्टोरी
एडवांस बुकिंग चालू है

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, शुक्रवार,10 दिसम्बर 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# पुरानी कचहरी में दुगनी कीमतों में बिक रहे स्टाम्प

## उम्मीदवारों को 50 रूपए के स्टाम्प में देना है शपथ पत्र, पंचायत चुनाव के पहले शुरू हुई स्टाम्प की कालाबाजारी

**कटनी।** पंचायत चुनाव के पहले ही जिले में स्टाम्प की कालाबाजारी शुरू हो गई है। पुरानी कचहरी में दुगनी कीमतों में स्टाम्प बेचा जा रहा है और लोगों को अपने विभिन्न कामों को लेकर मनमाने दाम देकर स्टाम्प खरीदना पड़ रहा है। पंचायत चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को भी 50 रूपए के स्टाम्प में शपथ पत्र देना है। ऐसी स्थिति में स्टाम्प की जमकर कालाबाजारी होने से इंकार नहीं किया जा सकता। जानकारों की मानें तो स्टाम्प की शार्टेज अभी से नहीं, बल्कि पिछले कई महीने से चल रही है। इसके पीछे मुख्य कारण स्टाम्प की आवक कम होना बताया जा रही है। कोषालय के अधिकारियों की उदासीनता का खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। बताया जाता है कि जबलपुर स्थित डिपो से स्टाम्प की आपूर्ति की जाती है लेकिन कोषालय के अधिकारियों द्वारा जबलपुर से स्टाम्प लाने में लेटलतीफी की जा रही है। यही वजह है कि स्टाम्प वेंडरों द्वारा 50 और 100 रूपए के स्टाम्प मनमानी कीमतों पर बेचे जा रहे हैं। विडम्बना इस बात की है कि पुरानी कचहरी में ही अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार के कार्यालय हैं, इसके बावजूद स्टाम्प की कालाबाजारी रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। गौरतलब है कि शपथ पत्र देने के लिए ज्यादातर स्टाम्प का ही उपयोग किया जाता है, जिसे नोटराईज कराना पड़ता है। हर काम के लिए अलग-अलग राशि के शपथ पत्र देने पड़ते हैं। स्टाम्प का सबसे ज्यादा उपयोग संपत्ति के क्रय-विक्रय के एग्रीमेंट के लिए होता है। यही कारण है कि पिछले काफी समय से स्टाम्प को मनमाने दामों पर बेचे जाने का खेल चल रहा है। पिछले काफी समय से पुरानी कचहरी परिसर में स्टाम्प वेंडर खुलेआम निर्धारित दरों से कहीं अधिक लेकर स्टाम्प बेच रहे हैं लेकिन इसके खिलाफ आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। अधिकारियों को इसकी पूरी जानकारी होने के बाद भी कार्यवाही के नाम पर केवल खानापूर्ति की गई है।

**50 रूपए का स्टाम्प 150 और 100 का स्टाम्प 250 में मिल रहा**



### 2 प्रतिशत कमीशन के कारण मनमाने दामों पर बेच रहे स्टाम्प

स्टाम्प को निर्धारित से अधिक दाम पर बेचने के पीछे स्टाम्प वेंडरों द्वारा मात्र 2 प्रतिशत कमीशन मिलने की बात कही जा रही है। यश भारत ने जब इस संबंध में स्टाम्प वेंडरों से बात की तो उनका कहना था कि स्टाम्प में बहुत ही कम कमीशन दिया जाता है। यही बहाना बनाकर खुलेआम 10 रूपए का स्टाम्प 20 से 30 रूपए में, 50 रूपए का स्टाम्प 100 रूपए में, 100 रूपए का स्टाम्प 180 से 200 रूपए में, 500 रूपए का स्टाम्प रूपए 800 से रूपए 900 में और 1000 रूपए का स्टाम्प 1500 रूपए से 2000 रूपए तक में खुलेआम बेचा जा रहा है लेकिन स्टाम्प वेंडरी का लायसेंस लेते समय भी इन्हें इस बात की जानकारी होती है कि इसमे 2 प्रतिशत का कमीशन होता है लेकिन अधिक मुनाफा कमाने की चाह में स्टाम्प वेंडरी का लायसेंस लेकर मनमाने दामों पर स्टाम्प की बिक्री की जा रही है। स्टाम्प वेंडरों को भी पता है कि अगले कुछ दिनों में पंचायत चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने वाली है, जिमसे उम्मीदवारों को 50 रूपए के स्टाम्प में शपथ पत्र देना है।

### मजबूरी का उठा रहे फायदा

शहर लोगों का कहना है कि स्टाम्प वेंडरों द्वारा खुलेआम निर्धारित से अधिक दामों पर स्टाम्प बेचा जा रहा है लेकिन अधिकारियों को इसकी जानकारी होने के बाद भी आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। छोटे-छोटे कामों में उपयोग आने वाले स्टाम्प के लिए लोग परेशान होते रहते हैं। मजबूरी में उन्हें अधिक दाम देकर स्टाम्प खरीदना पड़ता है। लोगों ने प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों से कार्यवाही की मांग की है।

### मामले को गंभीरता से लेकर कार्यवाही करे प्रशासन

पंचायत चुनाव लड़ने वाले उम्मीदारों को जो शपथ पत्र देना है, वह 50 रूपए के स्टाम्प में लिखा जाएगा, लेकिन 50 रूपए के स्टांम्प की अत्यधिक कमी है। साधारण तौर पर मिल भी नहीं रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर को इस मामले में संज्ञान लेना चाहिए ताकि पंचायत का चुनाव लड़ने वाले सुगमता से चुनाव लड़ने हेतु शपथ पत्र तैयार करा सके।

**-मिथलेश जैन, एडवोकेट, शहर अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी**

## बियरबार में तब्दील स्कूल



कुठला स्थित प्राथमिक स्कूल शाम होते ही बियरबार में तब्दील हो जाता है। यहां शाम से लेकर देर रात तक सुरा प्रेमियों की महफिल जमी रहती है। सुबह जब स्कूल खुलता है तो कमरों में शराब की बोतलें, चिप्स और पानी के पैकिट के पाउच नजर आते हैं।

## नवजात का शव मिलने पर मामला दर्ज

**कटनी।** बड़वारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पौनिया में एक सप्ताह पहले नवजात शिशु का शव मिला था। बड़वारा पुलिस ने इस मामले में शव का पोस्ट मार्टम कराकर मामले की जांच शुरू की थी। इस मामले में बड़वारा थाना प्रभारी अंकित मिश्रा का कहना है कि अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है कि किसने इस नवजात के शव को फेंका है।

## प्रभारी ने अपने गांव में शुरू किया खरीदी केन्द्र

### उमरियापान के ग्राम टोला का मामला, किसानों ने एसडीएम से की शिकायत



**उमरियापान, यशभारत।** जिले में धान की खरीदी में अनियमितताएं रूकने का नाम नहीं ले रही है। कहीं धान की क्वालिटी को लेकर किसानों को परेशान किया जा रहा है तो कहीं कमीशनखोरी की शिकायतें आम हो रही है। अब एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसमे केन्द्र प्रभारी धान खरीदी केन्द्र को अपने गांव ले गया है। जानकारी के मुताबिक उमरियापान से लगे टोला गांव में बनाए गए धान खरीदी केंद्र को सेल्समैन एंव केंद्र प्रभारी द्वारा मनमानी करते हुए खरीदी केंद्र को अपने गांव ले जाने का अजीबो गरीब मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार शासन द्वारा ढीमरखेड़ा तहसील में 15 धान खरीदी बनाए गए हैं, जिसमें टोला गांव का भी धान खरीदी केंद्र शामिल है। टोला गांव के परेशान किसानों ने ढीमरखेड़ा एसडीएम नदीमा शिरी से लिखित शिकायत की है, साथ ही तत्काल समस्या का समाधान करने की मांग की है। टोला, बरेली, इटवां, बारगांव, झिरिया और परसवारा के किसानों ने बताया की बीते 4 वर्षों से टोला गांव में ही शासन द्वारा खरीदी केंद्र बनाया जा रहा है और इस बार भी बनाया गया है लेकिन शासन के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए और अपनी मनमानी करते हुए केंद्र प्रभारी अनूप मिश्रा अपने गांव देमापुर सिद्ध बाबा की भाटिया में खरीदी केंद्र ले गया है। किसानों ने बताया की टोला गांव से देमापुर में खरीदी केंद्र खुलने से सभी किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इस मामले को लेकर ढीमरखेड़ा एसडीएम नदीमा शिरी से बात करने का प्रयास गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो पाई। इस मामले में प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से कार्यवाही की मांग की जा रही है।

## पंचायत चुनाव : काउंटडाउन शुरू

# 13 दिसंबर से मिलेंगे नामांकन

### पहले और दूसरे चरण के लिए शुरू हो जाएगी प्रक्रिया, उम्मीदवारों ने बढ़ाई सक्रियता, प्रशासन तैयारियों में जुटा

**कटनी।** हाईकोर्ट द्वारा पंचायत चुनाव पर रोक लगाए जाने से इंकार किए जाने के बाद अब एक बार फिर चुनाव प्रक्रिया ने जोर पकड़ लिया है। प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ चुनाव की तैयारियां में जुट गया है। कर्मचारियों के प्रशिक्षण की भी तैयारियां शुरू हो गई है। उधर चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों ने भी अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। मतदाताओं से संपर्क भी तेज कर दिया गया है। पंचायत चुनाव के पहले और दूसरे चरण में नामांकन पत्र प्राप्त करने और जमा करने का सिलसिला 13 दिसंबर से शुरू हो रहा है। गौरतलब है कि जिले में पंचायत चुनाव तीन चरणों में कराए जा रहे हैं। पहले चरण में बहोरीबंद और रीठी में पंचायत चुनाव कराए जाएंगे। इन क्षेत्रों में मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के साथ आवश्यक तैयारियां किए जाने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंक मिश्रा ने निर्देशित किया है। द्वितीय चरण में बड़वारा व कटनी और तृतीय चरण में विजयराघवगढ़ व ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत में चुनाव होंगे। प्रथम चरण में बहोरीबंद व रीठी जनपद क्षेत्र में होने वाले चुनाव में जिला पंचायत सदस्य के 5 वार्डों के चुनाव होंगे, जिसमें बहोरीबंद के 3 व रीठी के 2 वार्ड शामिल हैं, वहीं द्वितीय चरण के निर्वाचन में बड़वारा व कटनी के दो-दो जिला पंचायत सदस्यों के निर्वाचन होंगे। तीसरे चरण में विजयराघवगढ़ के दो और ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत क्षेत्र के 3 वार्डों में जिला पंचायत सदस्य पद के निर्वाचन संपन्न कराए जाएंगे।

### जिले में किस चरण में कहां होगा मतदान

| चरण | जनपद पंचायत | तारीख |
|---|---|---|
| प्रथम चरण | बहोरीबंद, रीठी | 6 जनवरी |
| द्वितीय चरण | बड़वारा, कटनी | 28 जनवरी |
| तृतीय चरण | विजयराघवगढ़, ढीमरखेड़ा | 16 फरवरी |

### कब से शुरू होगी प्रक्रिया

| | |
|---|---|
| प्रथम चरण | 13 से 20 दिसम्बर तक |
| द्वितीय चरण | 13 से 20 दिसम्बर तक |
| तृतीय चरण | 30 दिसम्बर से 6 जनवरी तक |

### जिले में कितने मतदान केन्द्र

| जनपद पंचाायत | मतदान केन्द्र |
|---|---|
| बहोरीबंद | 263 |
| रीठी | 169 |
| बड़वारा | 271 |
| कटनी | 195 |
| विजयराघवगढ़ | 253 |
| ढीमरखेड़ा | 245 |
| कुल योग | 1396 |

### चुने जाएंगे 121 जनपद पंचायत सदस्य

पंचायत निर्वाचन के तहत जिले की आधा दर्जन जनपद पंचायतों के 121 क्षेत्रों में सदस्यों के निर्वाचन कराए जाएंगे, जिसमें सर्वाधिक 24 जनपद सदस्यों का निर्वाचन बहोरीबंद जनपद पंचायत क्षेत्र में होगा, इसके अलावा रीठी जनपद के 15 वार्ड, बड़वारा के 21, कटनी के 16, विजयराघवगढ़ जनपद पंचायत के 22 और ढीमरखेड़ा जनपद के 23 जनपद सदस्य वार्डों के लिए चुनाव तीन चरणों में कराए जाएंगे।

### 407 सरपंच व 4911 पंचों का होगा चुनाव

पंचायत निर्वाचन के दौरान तीन चरणों में जिले की 407 ग्राम पंचायतों के सरपंच पदों के लिए चुनाव कराए जाएंगे। प्रथम चरण में बहोरीबंद की 79 व रीठी की 56 ग्राम पंचायतों के सरपंच चुने जाएंगे। वही द्वितीय चरण में बड़वारा की 66 व कटनी की 59 और तृतीय चरण में विजयराघवगढ़ जनपद पंचायत क्षेत्र की 74 ग्राम पंचायत व ढीमरखेड़ा की 73 ग्राम पंचायतों के चुनाव कराए जाएंगे। स्थानीय निर्वाचन में ग्राम पंचायत के पंच पदों के चुनाव भी होंगे। जिले की 407 ग्राम पंचायतों के 4911 पंचों का निर्वाचन तीन चरणों में होगा। जिसमें बहोरीबंद के 982ए रीठी के 651ए बड़वारा के 805ए कटनी के 680ए विजयराघवगढ़ के 863 और ढीमरखेड़ा के 930 पंचों के निर्वाचन की प्रक्रिया तीन चरणों में पूरी होगी।

### जिले में पंचायत चुनाव पर एक नजर

| जनपद पंचायत | जिला पंचायत सदस्य | जनपद सदस्य | सरपंच | पंच |
|---|---|---|---|---|
| बहोरीबंद | 03 | 24 | 79 | 982 |
| रीठी | 02 | 15 | 56 | 651 |
| बड़वारा | 02 | 21 | 66 | 805 |
| कटनी | 02 | 16 | 59 | 680 |
| विजयराघवगढ़ | 02 | 22 | 74 | 863 |
| ढीमरखेड़ा | 03 | 23 | 73 | 930 |
| **कुल योग** | **14** | **121** | **407** | **4911** |



## शिविर में 300 मरीजों की जांच

### 30 लोगों को आपरेशन के लिए भेजा चित्रकूट

**कटनी।** ब्राहमण समाज जिला कटनी द्वारा हर महीने की 9 तारीख को आयोजित होने वाला नेत्र शिविर सतगुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के सहयोग से कल संपन्न हुआ। शिविर में लगभग 300 लोगों की आंखों की जांच की गई, जिसमें लोगों को ऑपरेशन हेतु चित्रकूट भेजा गया। आज का शिविर नारायण त्रिपाठी कैंटीन वाले द्वारा आयोजित किया गया। शिविर में अध्यक्ष राजू शर्मा, प्रेम प्रकाश दीक्षित, बिल्लू शर्मा, के के गौतम, पंकज शर्मा, बिल्लू शर्मा, सूर्यकांत मिश्रा, संजय शर्मा, विक्रांत शर्मा सूर्यकांत गौतम की उपस्थिति में संपन्न हुआ। ऑपरेशन हेतु 30 लोगों को चित्रकूट भेजा है।

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

एम.जी.एम. हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर
मस्तिक रोग विशेष -डॉ. हर्ष सक्सेना डी.एन.बी. एम.सी.एच. न्यूरो सर्जरी
(दिनांक 12/12/2021) समय दोपहर 12:00 बजे से 03:00 बजे तक)
|| उपलब्ध उपचार ||
सिर एवं रीढ़ की चोटे, दिमाग एवं रीढ़ के ट्यूमर, ब्रेन हेम्रेज, लकवा रोग, स्लिप डिस्क, कमर एवं गर्दन दर्द, नसों के रोग, मिर्गी रोग, सिर दर्द, माईग्रेन, दिमाग का बुखार, बच्चों में बड़ा सिर, दिमाग और रीढ़ की टी.वी., बच्चों के रीढ़ के फोड़े एवं लकवा, समस्त न्यूरो संबंधी बीमारियों का अत्याधुनिक पद्धति द्वारा ऑपरेशन एवं इलाज, लकवा रोग ग्रसित मरीजों के लिए पुर्नवास प्रशिक्षण सुविधा, जटिल मिर्गी रोग का दवाईयों द्वारा सफल इलाज एवं पुर्नवास।
हर माह के दूसरे रविवार 12:00 बजे से 3:00 बजे तक उपलब्ध रहते है।

किडनी रोग विशेषज्ञ
डॉ. विशाल वडेरा, एम.डी., डी.एन.बी (नेफ्रोलॉजी)
(दिनांक 11/12/2021) समय दोपहर 12:00 बजे से 02:00 बजे तक)
|| उपलब्ध उपचार ||
किडनी संबंधी समस्या, ब्लड प्रेशर का बढ़ना, पुराने मधुमेह (शुगर) की बीमारी, पैरों की सूजन होना, पेशाब का कम होना या बार-बार होना, हमेशा गैस का बना रहना या बार-बार गैस बनना, खाने का पाचन सही तरह से न होना, किडनी की समस्त समस्या हेतु संपर्क करें।
हर माह के दूसरे शनिवार 12:00 बजे से 2:00 बजे तक उपलब्ध रहते है।

त्वचा, गुप्त एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
डॉ. हितेश लोकवानी
एम.बी.बी.एस., एम.डी.
डरमेटोलॉजिस्ट एवं कॉम्मेटोलोजिस्ट
(दिनांक 25/12/2021) समय प्रातः 11:00 बजे से 03:00 बजे तक)
|| उपलब्ध उपचार ||
कील एवं मुहासों का इलाज, गंजेपन का इलाज, सोरायसिस का इलाज , मस्से एवं तिल का इलाज, काले दाग एवं सफेद दाग का इलाज, स्किन ग्लो एवं झाईयों का इलाज, बालों के झड़ने का इलाज (पुरूष/महिला), अनचाहे बाल लेजर से हटाना (शरीर के किसी भी अंग से), बाली से कटा कान जोड़ना बिना टांके, बिना पट्टी मशीन द्वारा जोड़ना
हर माह के दूसरे शनिवार 12:00 बजे से 2:00 बजे तक उपलब्ध रहते है।

नोटः असुविधा से बचने के लिए रजिस्ट्रेशन अवश्य करायें।

यदि यश भारत समय पर आप तक नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

## कार्यालय नगरपालिक निगम, कटनी (म.प्र.)

पत्र क्रमांक/6650/स्व.भा.मि./2021 कटनी, दिनांक 07.12.2021

### अधिसूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिक निगम कटनी स्वयं को ODF++ प्रोटोकॉल अनुसार ODF++ घोषित करती है इस संबंध में नगरपालिक निगम कटनी के किसी व्यक्ति, संस्था, नागरिक की कोई आपत्ति/सुझाव है तो अधिसूचना जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर नगरनिगम स्वच्छ भारत मिशन कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति/सुझाव पर विचार नहीं किया जा सकेगा।

(आयुक्त)
नगरपालिक निगम, कटनी

## कार्यालय कलेक्टर जिला कटनी (म.प्र.)

क्रमांक/8776 /निविदा/स्टेशनी /सामग्री/2021 कटनी दिनांक- 01/12/2021

### सीमित निविदा आमंत्रण

कार्यालय कलेक्टर कटनी के अन्तर्गतलेखन सामग्री/अन्य सामग्री क्रय हेतुसीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म की कीमत रूपये 500 /- (अंकन रूपए पांच सौ मात्र) चालान द्वारा बैंक में शासन शीर्ष 0070-अन्य प्रशासनिक सेवाएं में जमा कर **दिनांक 17/12/2021** को **अपरान्ह 01:00 बजे तक** (अवकाश दिवस को छोड़कर) कार्यालय कलेक्टर कटनी के कक्ष क्रमांक 48 से प्राप्त की जा सकती है । निविदा शर्ते निविदा फार्म में उल्लेखित अनुसार होंगी। निविदा पूर्ण रूप से भरी हुई **दिनांक 17/12/2021 को दोपहर 02:00 बजे तक**(अवकाश दिवस को छोड़कर) कार्यालय कलेक्टर कटनी के कक्ष क्रमांक 48 में जमा की जा सकेगी ,और उसी दिन **दिनांक 17/12/2021 को अपरान्ह 03:00 बजे** उपस्थित निविदाकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी।निविदा का प्रारूप एवं विस्तृत शर्तें/जानकारी/जिले की वेबसाइट www.katni.nic.in पर देखी जा सकती है, इस वेबसाइट से भी निविदा फार्म डाउनलोड कर प्राप्त कर निविदा शर्तों अनुसार जमा की जा सकती है।

G-20090/21

संयुक्त कलेक्टर
हेतु कलेक्टर ,कटनी(म.प्र.)

# 1396 मतदान केन्द्रों में मतदाता करेंगे मतदान

## बड़वारा में सर्वाधिक 271, रीठी में सबसे कम 169 मतदान केन्द्र

**कटनी।** त्रि स्तरीय पंचायत निर्वाचन को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश व जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले में शांतिपूर्ण निर्वाचन कराने की तैयारी जारी हैं। तीन चरण में होने वाले निर्वाचन को लेकर नाम निर्देशन पत्र जमा करने से लेकर मतदान और मतगणना के लिए व्यवस्थाएं की जा रही हैं। मतदान दिवस पर मतदान के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर सभी छह जनपद पंचायत क्षेत्रों में मतदान केन्द्र बनाकर उनकी व्यवस्थाओं को दुरूस्त कराने का कार्य किया जा रहा है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते ने बताया कि जिले की कटनी, बहोरीबंद, रीठी, बड़वारा, विजयराघवगढ़ व ढ़ीमरखेड़ा जनपद पंचायत में होने वाले पंचायत चुनावों के लिए 1396 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं।




पंचायत चुनाव के लिए बनाए गए मतदान केन्द्रों में सर्वाधिक केन्द्रों की संख्या बड़वारा जनपद पंचायत में है। बड़वारा क्षेत्र में 271 मतदान केन्द्रों में मत डाले जाएंगे। वहीं सबसे कम 169 मतदान केन्द्र रीठी जनपद पंचायत क्षेत्र में बनाए गए हैं। इसके अलावा कटनी में 195, विजयराघवगढ़ में 253, बहोरीबंद में 263, ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत में 245 मतदान केन्द्रों में मतदान होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मिश्रा ने जिले में बनाए गए सभी मतदान केन्द्रों का अधिकारियों को निरीक्षण कर व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। मतदान केन्द्रों को लेकर अधिकारियों के निरीक्षण के बाद केन्द्रों की संख्या घटाई या बढ़ाई भी जा सकती है।

### लोक सेवकों की लगाई गई ड्यूटी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2021-22 के तहत जनपद पंचायत रीठी अंतर्गत ऑनलाईन नाम निर्देशन पत्र सुविधा केन्द्र की स्थापना तहसील कार्यालय में की गई है। जिसमें जनपद पंचायत सदस्य के आवेदन पत्र ऑनलाईन फीड किये जायेंगे। रिटर्निंग ऑफीसर पंचायत निर्वाचन एवं तहसीलदार रीठी ने ऑनलाईन नाम निर्देशन पत्र सुविधा केन्द्र में 4 कर्मचारियों को नियुक्त करते हुये ड्यूटी आदेश जारी किया है। संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्धारित कार्यक्रम अनुसार नाम निर्देशन प्राप्त करने तथा नाम निर्देशन पत्र वापसी तक की कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिये निर्देशित किया गया है।

### मतदाता जागरुकता गतिविधियों के लिए एसडीएम नियुक्त

**कटनी।** त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2021 के दौरान मतदाताओं में जागरुकता के लिये विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाना है। इस संबंध में कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन सेन्स द्वारा मतदाता जागरुकता गतिविधियों एवं प्रचार-प्रसार सेन्स के संबंध में आगामी कार्रवाई के लिये जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ब्लॉक नोडल अधिकारी सेन्स नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही जिले के समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी तथा विकासखण्ड स्त्रोत केन्द्र समन्वयक को ब्लॉक सहायक नोडल अधिकारी सेन्स नियुक्त किया गया है। सीईओ जिला पचांयत सह नोडल अधिकारी सेन्स स्थानीय निर्वाचन जगदीश चन्द्र गोमे ने सभी संबंधित अधिकारियों को आदेश जारी कर त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2021 के दौरान मतदाताओं के जागरुकता अभियान अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन अपने विकासखण्ड स्तर पर कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

# संवेदनशील मतदान केंद्रों को किया जा रहा चिन्हित

**कटनी।** नगरीय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव के प्रचार-प्रसार सेन्स के लिये मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा कैलेण्डर जारी किया गया है। जिसके तहत प्रचार-प्रसार के लिये लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं। निर्धारित लक्ष्य के अनुसार प्रचार-प्रसार के माध्यम से मतदान का प्रतिशत बढ़ाना, मतदान का महत्व समझााना तथा मतदाताओं को अपने मताधिकार के प्रयोग के लिये प्रेरित करना है। सेन्स के अंतर्गत आयोजित की जाने वाली सभी गतिविधियों, शासन एवं आयोग द्वारा कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये जारी किये गये दिशा-निर्देशों को ध्यान में रखते हुये सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन सुनिश्चित करते हुये संपादित कराई जायेंगी। प्रचार-प्रसार सेन्स के लिये जारी कैलेण्डर के अनुसार कुल 23 प्रकार की गतिविधियां प्रस्तावित की गई हैं। जिसके तहत विभिन्न स्तरों पर गतिविधियों के आयोजन को लेकर किये जाने वाले कार्यों एवं समयावधि निर्धारित कर इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई के सुनिश्चित करने के लिये कहा गया है। जारी कैलेण्डर एवं प्लान में आयोग द्वारा मतदाताओं को मतदान की प्रक्रिया के बारे में प्रचार-प्रसार कर अवगत करा जायेगा। महिला एवं युवा मतदाताओं को मतदान के लिये प्रोत्साहित किया जायेगा। इसके साथ ही मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया की जानकारी से अवगत कराने का कार्य भी किया जायेगा। जिन मतदान केन्द्रों में विगत निर्वाचन में मतदान का प्रतिशत कम रहा है, उन मतदान केन्द्रों पर मतदान का प्रतिशत बढ़ाये जाने के प्रयास किये जायेंगे। मतदाता सहायता केन्द्रों, जनसेवा केन्द्रों की वार्ड, मतदान केन्द्र स्तर पर स्थापना की जायेगी। संवेदनशील मतदान केन्द्रों को चिन्हित कर मतदाताओं को प्रशासन द्वारा की जा रही सुरक्षा व्यवस्था से अमगत कराते हुये, मतदान के अधिकार का उपयोग करने के लिये प्रेरित किया जायेगा। सेन्स गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के मूल्य तथा लोकतंत्र में मतदाता की भूमिका के प्रति जागरुक करने, गर्भवती महिला, वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांग मतदाताओं द्वारा सुगमता से मतदान किये जाने की प्रक्रिया से अवगत कराने की गतिविधियां भी सेन्स प्लान एवं कैलेण्डर में शामिल की गई हैं। इसके साथ ही दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केन्द्र पहुंचने के लिये की गई व्यवस्था की जानकारी, आयोग द्वारा किये गये नवाचारों एवं नियम निर्देशों में हुये संशोधनों से मतदाताओं एवं अभ्यर्थियों को इन गतिविधयों के माध्यम से अवगत कराया जायेगा। कोविड-19 के लिये निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करते हुये अधिक से अधिक मतदान की अपील भी सेन्स गतिविधियों में मतदाताओं से की जायेगी।

**मतदाताओं एवं अभ्यर्थियों को प्रशासन कर रहा जागरुक**

# भृत्य की ड्यूटी स्वामित्व योजना में,स्कूल के बुरे हाल



### एसएमसी की बैठक में हुये नीतिगत निर्णय

**कटनी।** उपनगरीय क्षेत्र न्यू कटनी जंक्शन स्थित शासकीय माध्यमिक शाला एनकेजे में गत दिवस शाला प्रबन्धन कार्यकारणी क़ी महत्वपूर्ण बैठक एसएमसी अध्यक्ष रोहित विश्वकर्मा क़ी अध्यक्षता में आयोजित हुई । जिसमें समिति के सभी सदस्यों क़ी महत्वपूर्ण भागीदारी देखने क़ो मिली। बैठक का संचालन मार्तण्ड सिंह राजपूत औऱ आतिथ्य सत्कार एसएमसी के सचिव अजय मिश्रा द्वारा किया गया ।बैठक में बैंक खाता परिवर्तन से लेकर दो रसोइयों क़ी नियुक्ति पर विशेष रूप से चर्चा हुई । समिति क़े सदस्यों द्वारा विद्यालय के भृत्य दुर्गा प्रसाद बर्मन क़ो बगेर शाला प्रभारी क़ो विश्वास में लिये ही जिला कलेक्टर कार्यालय में संलग्न कर लेने पर चपरासी के अभाव में स्कूल क़ी चौपट हो रही साफ सफ़ई क़ी व्यवस्था पर गहरा एतराज जाहिर किया गया। विद्यालय क़े इकलौते चपरासी क़े संलग्नीकरण क़ो यथाशीघ्र समाप्त करवाने हेतु जिला कलेक्टर से मुलाकात करने पर उपस्थित सदस्यों में आम सहमति बनी। बताया गया है कि इस विद्यालय क़े भृत्य क़ो अपर कलेक्टर द्वारा जिला कार्यालय में स्वामित्व योजना से संबंधित कार्य में संलग्न कर लेने से स्कूल खोलने से लेकर बंद करने औऱ विद्यालय क़ी साफ सफाई पर इन दिनों बुराअसर पड़ रहा है । बैठक में एसएमसी उपाध्यक्ष श्रीमति मालती सोनी, सहित अन्य सदस्य कैलाश कनौजिया, ओम प्रकाश कुशवाहा, शिवबालक, राजनंदिनी, शिल्पी सोनी, चंद्रावती पटेल, कल्पना विश्वकर्मा, प्रदीप सोनी, नन्दकिशोर, सियालाल चौधरी, श्रीमति निधि पटेरिया, मोहना जरगर सोनी, जितेन्द्र दुबे, प्रेमशंकर भारती, ज्ञानचंद कोष्ठी क़ी गरिमामयी उपस्थिति रही ।

### जनपद स्तर पर आईटी एवं ओलिन टीम का गठन

**कटनी।** आगामी नगरीय निकायों एवं त्रि–स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2021–22 के लिये आईटी टीम एवं ओलिन टीम का गठन जनपद स्तर पर किया गया है। इस संबंध में संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन कटनी ने आदेश जारी करते हुये गठित दल को जिला नोडल अधिकारी आईटी जिला प्रबंधक ई–गवर्नेन्स को सूचित करने के निर्देश दिये हैं। जिससे मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल के ऑनलाईन पोर्टल आईईएमएस पर समस्त जानकारियों की फीडिंग के लिये प्रशिक्षण की कार्रवाई की जाये।

### अन्न उत्सव के आयोजन के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी

**कटनी।** जिला आपूर्ति अधिकारी कटनी ने बताया कि जिले में प्रत्येक माह में 7, 8 एवं 9 तारीख को अन्न उत्सव का आयोजन होगा। आदर्श आचार संहिता के प्रभावशील रहने तक इस आयोजन में मुख्य अतिथि, जनप्रतिनिधियों या अन्य राजनैतिक व गणमान्य नागरिकों की सहभागिता नहीं होगी। इस संबंध में जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, आयुक्त नगर पालिक निगम कटनी तथा नगर परिषदों के सीएम हो जारी निर्देशानुसार कार्रवाई के लिये कहा गया है।

# कर्नाटक में मजदूरी के लिए जबरन रोक लिए थे 85 मजदूर

## कैमोर पुलिस से तत्परता से कराया मुक्त, मजदूरों की सकुशल कराई घर वापसी





**कटनी।** प्रदेश सरकार के मुखिया शिवराज सिंह चौहान ने गरीब, मजदूर परिवारों की सुरक्षा, उनको समय पर मजदूरी का भुगतान हो और उनपर किसी तरह का अत्याचार होता है तो तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश पुलिस विभाग को दिए हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री के निर्देश पर कटनी पुलिस लगातार काम कर रही है। जिला पुलिस ने सूचना पर तत्परता से जहां दूसरे प्रदेशों में बंधक बनाए गए मजदूरों को मुक्त कराने का कार्य किया तो मजदूरी न मिलने की शिकायत सामने आने पर भी तत्काल कार्रवाई की। ऐसे ही एक मामले में कैमोर पुलिस ने कर्नाटक में मजदूरी के लिए जबरन रोके गए 85 मजदूरों को सूचना मिलने पर कर्नाटक पुलिस की मदद से न सिर्फ मुक्त कराया बल्कि उनकी सकुशल घर वापिसी भी कराई। कैमोर पुलिस को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के ग्राम सलैया कोहारी व आसपास के अन्य ग्रामों के करीब 85 पुरुष व महिला अपने परिवार सहित कर्नाटक के सोलापुर जिले में मजदूरी के लिए विगत दो माह पहले ले जाए गए थे। वहां पर उन्हें उनकी इच्छा के विरुद्ध उनसे काम कराया जा रहा है और वापस नहीं आने दिया जा रहा है। उनसे जबरन अपनी शर्तों पर काम लेकर परेशान किया जा रहा था। मामले की जानकारी स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी जिस पर पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के निर्देशन में एसडीओपी विजयराघवगढ़ शिखा सोनी व टीआई कैमोर अरविंद जैन ने कर्नाटक के चरचर थाना पुलिस से संपर्क साधा और पूरे मामले की जानकारी दी। चरचर थाना पुलिस की मदद से ग्राम निवरी से जबरन रोके गए सभी 85 मजदूरों को पुलिस ने मुक्त कराया। साथ ही उन्हें थाना चरचर ले जाने के बाद सकुशल उनके घरों को रवाना कराया गया। पुलिस द्वारा तत्परता पूर्वक की गई कार्रवाई पर ग्रामीणों ने सराहना की और आभार भी व्यक्त किया।



# हॉकर्स जोन में ही लगेंगी सब्जी दुकानें

### अस्पताल और कचहरी रोड हो जाती है जाम

**कटनी।** नगर की यातायात व्यवस्था का दुरूस्त करने रखने को लेकर गुरूवार को कलेक्ट्रेट में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने नगर निगम, यातायात विभाग व पुलिस विभाग की संयुक्त बैठक ली। बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि जिला अस्पताल के सामने और मुख्य मार्गो पर सब्जी विर्क्रेताओं की संख्या अधिक बढ़ रही है, जिससे यातायात बाधित होता है। उन्होंने कहा कि सब्जी विक्रेताओं को पुराने बस स्टैंड के पास बनाए गए हॉकर्स जोन में शिफ्ट कराएं। यातायात, पुलिस व नगर निगम विभाग संयुक्त रूप से कार्रवाई करे। कलेक्टर श्री मिश्रा ने मुख्य मार्गो के फुटकर कपड़ा व्यापारियों, फल्र, ठेला, सब्जी वालों के लिए चौपाटी सहित अन्य स्थलों को चिन्हित कर बैठाने की व्यवस्था करने और मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण कर यातायात को प्रभावित करने वालों पर जुर्माने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। नगर में वाहन पार्किंग के लिए टीसी बजान स्कूल को पेड पार्किंग बनाने, ओवर ब्रिज के नीचे खाली स्थानों पर पार्किंग की सुविधा करने व कोरोना संक्रमण की संभावित लहर की आशंका को लेकर मास्क का उपयोग न करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई करने के निर्देश कलेक्टर श्री मिश्रा ने दिए। उन्होंने नगर में संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कार्रवाई करने के निर्देश भी बैठक में दिये। इस दौरान अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो सहित नगर निगम, पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद थे।



# अपने पूर्वजों को भुला बैठे हम,सिंधी प्रतिभा हंट का आयोजन





**कटनी।** सिंधियत की महक कायम रखने के लिए व सिंधीभाषा, समाज, संस्कृति, सभ्यता, के उत्थान के लिए हमेशा प्रयासरत रहने वाली सिंधी कौंसिल ऑफ इंडिया महिला शाखा द्वारा सिंधी प्रतिभा हंट का आयोजन स्थानीय जागृति पार्क में किया गया। हमारे पूर्वजों द्वारा भाषा संस्कृति व सभ्यता को जीवित रखने के लिए काफी कुछ समर्थित किया गया। आज हम सभी उसको भुला बैठे है। अपनी युवा पीढ़ी को सिंधी भाषा की तरफ आकर्षित करने के लिए संस्था द्वारा इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं । जिसमें संस्था की सदस्यों द्वारा सिंधी छेज, कविता, शायरी, भजन आदि की प्रस्तुति के साथ-साथ समाज में व्याप्त कुरीतियों को कैसे दूर किया जा सकता है। इस विषय पर भी परिचर्चा हुए। आने वाले को को रोना की संभावित तीसरी लहर से किस तरह से बचाव सुरक्षा किया जाए विषय पर सभी को सतर्क किया गया। उपस्थित सभी सदस्य ने मिलकर टीम वर्क से मिलकर सेवा करने का वचन दिया। कार्यक्रम में अध्यक्ष नीलम जगवानी, कोषाध्यक्ष नीतू लालवानी मोना पुरुषवानी, लक्ष्मी खूबचंदानी, कशिश रोहरा, एकता बत्रा पलक आहूजा, मधु खूबचंदानी, अनिता जोधवानी, वाणी बजाज इंदु खूबचंदानी, मीनू मोटवानी, आशा जोधवानी, सोनम रुपचंदानी, मनीषा गिडवानी वंदना गेलानी, कुसुम गिडवानी, अनिता खूबचंदानी पूजा मंगलानी, रजनी होतवानी, दीपा आहूजा वर्षा पुरुसवानी की उपस्थिति रही।



# फायलेरिया एमडीए के लिए प्रशिक्षण

**कटनी।** कटनी जिला फाइलेरिया (हाथीपाव) से ग्रसित होने के कारण प्रतिवर्ष एम.डी.ए. (मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) अभियान सम्पूर्ण जिले में किया जाता है। इस अभियान के तहत दवा सेवक दो वर्ष के ऊपर की सम्पूर्ण जनसंख्या को डी.ई.सी व एलबेन्डाजोल की गोली का सेवन घर-घर जाकर अपने समक्ष कराते है। इस तारतम्य में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सभा कक्ष में प्रशिक्षको (मास्टर ट्रेनर) को गुरुवार को डब्लू.एच.ओ. के स्टेट कोर्डिनेटर डॉ. देवेन्द्र सिंह तोमर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर सेक्टर स्तर पर दवा सेवको को प्रशिक्षण देगे। प्रशिक्षण में जिला मलेरिया अधिकारी श्रीमति शालिनी नामदेव व ब्लॉक से आये समस्त मास्टर ट्रेनर उपस्थित थे। इस दौरान डॉ. देवेन्द्र सिंह तोमर द्वारा पी.पी.टी. के माध्यम से एम.डी.ए अभियान की सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की गई। जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाने में सभी के सहयोग की अपेक्षा की।

# स्वच्छता एक्शन प्लान के तहत गांव-गांव सक्रियता

### नुक्कड़ नाटक, दिवार लेखन, एवं श्रमदान




**कटनी।** नेहरु युवा केंद्र कटनी के तत्वाधान में 'स्वच्छता एक्शन प्लान' के अंतर्गत दिसंबर 2021 में स्वच्छता का सन्देश देने हेतु नुक्कड़ नाटक, दिवार लेखन, एवं श्रमदान संबंधी गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। यह आयोजन जिले के सभी छः विकासखण्डों (कटनी, रीठी, ढीमरखेड़ा, बडवारा, बहोरीबंद, विजयराघवगढ़) में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों के नेतृत्व में सक्रिय युवा मंडल व महिला मंडलों की सहायता से आयोजित हो रहे हैं। प्रत्येक व्यक्ति अपने घर एवं आस–पड़ोस में स्वयं स्वच्छता की जिम्मेदारी ले एवं स्वच्छता का दायित्व प्रशासन के साथ कंधे–से–कंधे मिला कर वहां करें– इसी सन्देश को गावं–गाँव तक पहुँचाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही दिवार लेखन का कार्य ग्राम पंचायत निवार, सलैया–बड्गैया, देवसरी, रोहनिया, रमना, झिरिया, कलहरा, अमेहटा, अमुवारी, धरवारा, छोटी करी पाथिर, बनेहरी, सैलारपुर, कनौजा, टिकरिया, भुला, घुघरा, एवं घुघरी में चलाया जा रहा है। नुक्कड़ नाटक का आयोजन मुख्य बस स्टैंड रोड, रीठी; बस स्टैंड रोड, तेवरी; पंचायत धरवारा; पंचायत कारी पथिर; कटनी जंक्शन स्टेशन; बस्ती मार्किट, स्लीमनाबाद; गोल बाज़ार, रीठी; संकट मोचन चौक, बरही; मुख्य बस स्टैंड, बडवारा; एवं नेहरु वार्ड में कराया जा रहा है। स्वच्छता श्रमदान का कार्यक्रम धरवारा, झिरिया, राम जानकी वार्ड, कुआ, एवं बडवारा के मंदिर प्रांगण में कराया गया है।

# जिला अस्पताल में तिब्बतियों ने बांटा फल एवं दूध





**कटनी।** तिब्बतीयों के धर्मगुरू दलाईलामा को 10 दिसम्बर 1989 को नोबल शांति पुरूस्कार से सम्मानित किया गया था, इसी खुशी में पोतला तिब्बती ऊलन मार्केट में तिब्बतियों के द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष वर्ष भी जिला अस्पताल में ब्रेड, फल, दूध का वितरण किया गया। जिला अस्पताल के सभी 20 वार्डों में करीब 500 मरीजों को नर्स एवं वार्ड प्रभारी की उपस्थिति में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बूलन मार्केट समूह तिब्बती सदस्यों में सोनम चेरीवाल, अगेन तेन्जीन, जमपेल, नोरगेल, तेन्डोल, यूडोन व तिब्बती मातृशक्ति का सहयोग रहा। इस दौरान भाजपा नेता आशीष तिवारी, अखिलेश दुबे, जिला अस्पताल स्वास्थ्य कर्मी वार्ड प्रभारी श्रीमती दिपेश्वरी ठाकरे, सीमा भेलावे, निधि ठाकुर, सुधा प्रजापति, रीता कुशवाहा आदि तिब्बती समूह की उपस्थिति रही।

# स्लीमनाबाद में हत्या के आरोपियों का नहीं लगा सुराग

## खेत में बने कमरे के अंदर बरामद हुआ था रक्तरंजित शव





### संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम कैमोरी कंचनपुर में खेत में बने कमरे के अंदर मिली युवक की रक्तरंजित लाश के मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज करते हुए उनका सुराग लगाने के प्रयास कर रही है। आरोपियों का सुराग लगाने पुलिस मृतक के साथ उठने-बैठने वाले लोगों से पूछताछ करने के साथ ही वारदात की रात उसके साथ देखे गए कुछ संदेहियों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। हालांकि अभी तक आरोपियों के संबंध में पुलिस के हाथ कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगे हैं।

गौरतलब है कि ग्राम कैमोरी निवासी 35 वर्षीय भोला उर्फ राजेश पिता गणेश प्रसाद गुप्ता का रक्तरंजित शव खेत में बने कमरे के अंदर से बरामद किया गया था। घटना की जानकारी लगते ही स्लीमनाबाद एसडीओपी मोनिका तिवारी व स्लीमनाबाद थाना प्रभारी संजय दुबे पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। उधर पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने भी मौका मुआयना किया था। स्लीमनाबाद थाना प्रभारी संजय दुबे के मुताबिक मृतक के सिर के पीछे तरफ गर्दन, छाती, बाएं हाथ में धारदार हथियार कुल्हाड़ी से हमला करने के निशान हैं। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज कर उनका सुराग लगाने का प्रयास कर रही है।

# घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ व मारपीट

**कटनी।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक कॉलोनी में एक मनचले युवक ने घर में घुसकर महिला के साथ में अभद्रता की है। इतना ही नहीं विरोध करने पर मारपीट भी की है व फिर परिवार के साथ मिलकर हमला किया है। खिरहनी चौकी प्रभारी प्रीति पांडेय ने बताया कि अमर निषाद, पूजा निषाद, लक्ष्मी निषाद ने एक महिला के साथ विवाद किया है। अमर निषाद एक घर में घुसकर महिला के साथ में अभद्रता करते हुए छेड़छाड़ की है। विरोध करने पर तीनों ने मिलकर मारपीट की है। शराब के नशे में विवाद किया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करते हुए मामले को जांच में लिया है। आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# परिवहन विभाग व यातायात की संयुक्त कार्रवाई से रोज मच रहा हड़कंप

### रास्ता बदलकर भाग रहे वाहन चालक, बिना दस्तावेज चल रहे 12 आटो जप्त चालकों को दी गई नियमों की जानकारी




**कटनी।** क्षेत्रीय परिवहन विभाग एवं यातायात विभाग की संयुक्त कार्यवाही से शहर में हड़कंप की स्थिति बनी रही है। वाहन चालक रास्ते बदल कर भाग रहे हैं। गौरतलब है कि उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद हरकत में आया परिवहन विभाग इन दिनों वाहनों की जांच पड़ताल करता सड़कों में देखा जा रहा है। खासकर बगैर दस्तावेज चलने वाले सवारी ऑटो पर विशेष कार्यवाही की जा रही है। संयुक्त जांच कार्यवाही मिशन चौक, झिंझरी स्थित यातायात थाने के सामने, चांडक चौक, बिलहरी रोड पर अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रमा दुबे, यातायात थाना प्रभारी विनोद दुबे, जितेंद्र सिंह, सुखेंद्र तिवारी कार्यवाही के दौरान मौजूद रहकर वाहनों की जांच कर रहे हैं। जांच के दौरान जिन वाहन चालकों के दस्तावेज पूर्ण थे उनका आरटीओ व यातायात थाना प्रभारी के द्वारा सम्मान भी किया जा रहा है जबकि जिन वाहनों में दस्तावेज नहीं थे उन्हें सीधे न्यायालय भेजा जा रहा है। यातायात थाना प्रभारी विनोद दुबे के मुताबिक अब तक लगभग 21 मोटरसाइकिल जब तक प्रकरण दर्ज कर उन्हें न्यायालय भेजा गया है जबकि लगभग 12 सवारी ऑटो बगैर दस्तावेज जप्त किए गए। जिनके विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर उन्हें न्यायालय भेजा जाएगा। आरटीओ ने बताया कि 42 ऑटो चेक किए, 12 ऑटो जप्त किए गए हैं।

### वाहन चालकों को परेशान करने का आरोप

माधवनगर, मिशन चौक, चांडक चौक, पन्ना नाका, झिंझरी नाका सहित अन्य स्थलों में चल रही लगातार चालानी कार्रवाई से लोग परेशान हैं। राजा जगवानी ने कहा कि माधवनगर गेट पर हर वाहन चालक को रोककर किसी न किसी दस्तावेत आदि की कमी बताकर परेशान किया जाता है, जिससे लोग परेशान हो गए हैं।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल का सश्रम कारावास

### विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) ने सुनाई सजा

**कटनी।** विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) कटनी द्वारा कैमोर थाना के एक प्रकरण में नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने का अपराध प्रमाणित पाते हुये अभियुक्त बड्डे उर्फ गोपालदास बर्मन को धारा 376-डी के अंतर्गत 20 साल का सश्रम कारावास तथा 2000 रूपये अर्थदण्ड एवं धारा 120बी के अंतर्गत 7 वर्ष का एवं धारा 363, 366 के अंतर्गत 3-3 वर्ष का एवं 1000-1000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। प्रकरण में पैरवी विशेष लोक अभियोजक(पॉक्सो) सुश्री नविता पिल्लै द्वारा की गई। अभियोजन पक्ष के अनुसार 21 जून 2019 को रात्रि करीब 11 बजे 16 वर्षीय नाबालिग बाथरूम के लिये घर के आंगन तरफ निकली, तभी आरोपी बड्डे बर्मन अपने साथी के साथ मोटरसाईकिल से आया और बहला फुसलाकर मोटरसाईकिल में घुमाने को कहकर ले आया। इसके बाद बीच रास्ते में विजयराघवगढ़ के आगे जंगल में मोटरसाईकिल रोककर नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। उस समय उसका साथी आने जाने वालों को देख रहा था। फिर वहां से नाबालिग को मोटरसाईकिल में बैठाकर कटनी में ही एक किराये के कमरे में रूकवाया। फिर नाबालिग को कोई गोली खिला दी, जिससे वह बेहोश हो गयी। इसके बाद आरोपी नाबालिग को लेकर कटनी स्टेशन आये और 22 जून 2019 को आरोपीगण कटनी से पुणे ले गए। वहां पर तिसरा आरोपी राजू मिला, जिसके किराये के कमरे में आरोपी गुल्ली और बड्डे बर्मन ने नाबालिग को पुणे में छोडकर चले गये। 24 जून 2019 को अभियुक्त राजू द्वारा उसके साथ बलात्संग किया गया। अभियुक्त राजू अपनी पत्नी के साथ मिलकर नाबालिग को कमरे में बंद करके रखते थे और मारपीट करते थे। कमरे से बाहर नही जाने दिया करते थे। मकान मालिक को जानकारी लगने पर उन्हे घर से निकाल दिया गया। इसके बाद नाबालिग अन्य व्यक्ति की मदद से रेलवे स्टेशन पुणे पहुंची। जिसके बाद पुलिस ने उसे दस्तयाब किया। पुलिस ने प्रकरण की संपूर्ण कार्यवाही करने के बाद अभियुक्तगण के विरूद्ध अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। प्रकरण में अभियुक्तगण गुल्ली गोंड और राजू उर्फ ठाकुर फरार होने के कारण अभी मात्र अभियुक्त बड्डे उर्फ गोपालदास बर्मन को दण्डित किया गया है।



# बांदकपुर-घटेरा के बीच टूटा ओएचई तार

### एक बजे तक कटनी में खड़ी रही रेवांचल, कई ट्रेनें हुईं प्रभावित

कटनी। बीना-कटनी रेलखंड के बांदकपुर व घटेरा स्टेशन के बीच रेल इंजनों का संचालन करने वाली ओएचआई हाईटेंशन विद्युत तार टूटने की वजह से बीतीरात कई घंटे इस रेलखंड पर रेल यातायात प्रभावित हुआ। रेवांचल एक्सप्रेस लगभग एक बजे तक कटनी मुड़वारा रेलवे स्टेशन पर खड़ी रही। इसके अलावा इस रेलखंड पर चलने वाली संपर्कक्रांति एक्सप्रेस, दयोदय एक्सप्रेस, विशाखापट्टनम -भगत की कोठी एक्सप्रेस, उत्कल एक्सप्रेस, कामायनी एक्सप्रेस सहित दूसरी यात्री गाड़ियां भी प्रभावित हुईं। वहीं विद्युत तार टूटने की वजह से रेलखंड पर मालगाड़ियों का परिचालन भी प्रभावित रहा। देररात सुधारकार्य के बाद रेलखंड पर रेल यातायात बहाल हुआ।

# हत्या के बाद दूसरी लाश की भी शिनाख्त नहीं कर पा रही पुलिस

## एफएसएल, खोजी कुत्ता, साइबर सेल, फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट ने की जांच, एसपी ने भी किया घटना स्थल का मौका मुआयना



**कटनी।** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत तैय्यब नगर के समीप कब्रिस्तान में झाड़ियों के बीच मिली युवती की लाश की शिनाख्त 48 घंटे बाद भी नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने भी घटना स्थल का मौका मुआयना करते हुए अधिकारियों को शीघ्र ही मामले का खुलासा करने कहा है। बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची ने बताया कि बरही घटना की जांच के लिए एफएसएल टीम भी आई थी। खोजी कुत्ता, साइबर सेल, फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट की टीम भी पहुंची और जांच की है। हालांकि अभी तक कोई सफलता पुलिस के हाथ नहीं लगी है। गुमशुदगी पता लगाने के लिए आसपास के थानों में भी सूचना दी गई है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि बरही थाना अंतर्गत हत्या का यह पहला मामला नहीं है, जब पुलिस को मृतक की शिनाख्त करने में सफलता नहीं मिल पा रही है बल्कि इसके पूर्व बाणसागर के डूब क्षेत्र में भी एक अज्ञात युवक की बोरीबंद लाश मिलने के मामले में भी पुलिस को शिनाख्त करने में सफलता नहीं मिली है। पुलिस को दावा है कि मृतकों की शिनाख्त होने के बाद उनकी हत्या करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने में पुलिस को ज्यादा समय नहीं लगेगा लेकिन अभी मृतकों की शिनाख्त ही पुलिस के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है।

### केटरिंग कारोबारी भी पुलिस की रडार पर

इन दिनों शादियां का सीजन चल रहा है। जहां केटरिंग के कार्य के लिए बाहर से भी मजदूरों को बुलाया जाता है। जिसमें लड़किया भी शामिल रहती है। वही बरही में कई ऐसी बाहर की लड़कियां है जो दुकानों में काम करती है। जिनके बारे में पुलिस के पास कोई जानकारी नही होती है। अगर पुलिस अपनी जांच इस ओर बढ़ाए तो हो सकता है, बाहर से आई लड़की के साथ जबरिया बलात्कार के बाद उसको मौत के घाट उतारने का खुलासा हो सकता है।

### कपड़ों की पहचान के लिए दुकानों में जांच

बरही पुलिस अज्ञात युवती के शव की पहचान के लिए हर प्रयास में जुटी हुई है। बुधवार को दिनभर पुलिस कपड़ो की दुकानों में पहुंचकर अंडर वियर, दुपट्टा की पहचान करने में जुटी रही तो वही नगर व बाजार में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालती रही कि कोई भी सुराग हाथ लग जाए कि युवती किसके साथ थी। उसकी हत्या किसने की लेकिन पुलिस के सारे प्रयास अभी तक असफल है।

### फारेंसिक जांच के बाद होगा खुलासा- थाना प्रभारी

बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची का कहना है कि अज्ञात युवती की गई हत्या में बलात्कार का भी अंदेशा है। इसको लेकर फारेंसिक जांच भी कराई जा रही है। जांच सेम्पल परीक्षण प्रयोगशाला के लिए भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट के बाद ही बलात्कार की पुष्टी हो पाएगी।

# महिला को जिंदा जलाने वाले पति व ससुर को आजीवन कारावास

### प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने सुनाया फैसला

कटनी। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने महिला को जिंदा जलाने वाले पति व ससुर को अजीवन करावास की सजा सुनाई है। जानकारी के अनुसार मृतिका लक्ष्मी बाई यादव पति रमेश यादव निवासी भनपुरा थाना माधवनगर के साथ में आरोपी रमेश यादव की व ससुर गिरधारी लाल प्रताड़ित करते थे। आरोपी रमेश आए दिन शराब पीकर अपनी पत्नी लक्ष्मी से मारपीट करता था। इसी मारपीट से तंग होकर एक बार पूर्व में आरोपी रमेश को लक्ष्मी बाई ने बका से मार दिया था। जिससे बाद में क्रोधित होकर आरोपी ने लड़ाई झगड़ा किया और सह आरोपी ने उकसाया। जिससे आरोपी रमेश ने लक्ष्मी बाई के ऊपर घटना 3 जून 6 2014 को मिट्टी तेल डालकर आग लगाकर उसकी हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने जांच की। उपचार के दौरान लक्ष्मी बई ने मरणासन्न कथन में आरोपी गण के द्वारा उसे आग लगाकर जला देने का कथन दिए। जिस पर सबूतों के आधार पर आरोपी रमेश यादव को धारा 302 में आजीवन कारावास सहित जुर्माना और आरोपी गिरधारी को धारा 302, 34 में आजीवन कारावास और जुर्माने से दण्डित किया गया है। उक्त जानकारी अपर लोक अभियोजक शैलेन्द्र नागौत्रा ने दी।

# घर में घुसकर जानलेवा हमले के आरोपियों को सजा

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत कौड़िया में पीड़ितों के ऊपर धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने वाले दो लोगों को चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश ने तीन से सात वर्ष की सजा सुनाई है। अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक के के पाण्डेय ने पैरवी की। मामला संक्षेप में इस प्रकार है कि 36 अक्टूबर 2010 को रात दस बजे एक घर में घुसकर आरोपी आनंद उर्फ मंजू और छोटेलाल साथ में एक अन्य ने अनिल कुमार, ज्ञानीलाल, विजय एवं फूलाबाई के ऊपर प्राणघातक हमला किया था। कुल्हाड़ी और लाठियों से आरोपी हमला किए थे।

### दो आरोपियों को सजा

दोष सिद्ध होने पर आनंद उर्फ मंजू को धारा 307, 34 में सात वर्ष का सश्रम कारावास एवं पांच सौ रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। धारा 452 में एक वर्ष का सश्रम कारवास और पांच सौ रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। छोटेलाल को तीन वर्ष का सश्रम कारावास एवं पांच सौ रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

### पटाखे जलाने का विवाद

विवाद की मुख्य वजह पटाखा जलाने को लेकर रहा। रात में घर के सामने कुछ लोग पटाखा जला रहे थे। जिस पर अनिल ने अपने दादा की तबियत खराब होने का हवाला देते हुए पटाखा जलाने को मना किया तो झुक्कीलाल, छोटेलाल, मंजू बर्मन, अंजू बर्मन लाठी और कुल्हाड़ी लेकर उसके घर पहुंच गए। यहां पर सभी लोगों के साथ इन्होंने गाली-गलौच करते हुए मारपीट की थी।


JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

यदि यश भारत समय पर आप तक नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

रत्ना मैरिज गार्डन
मुड़वारा स्टेशन के पास
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा

देवपद स्किन एवं हेयर क्लीनिक
डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai)
सौन्दर्य एवं चर्मरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल मुम्बई
कील मुहॉसे, दाद, खाज, खुजली, एलर्जी, टेनिंग, सफेद दाग, कुष्ठ रोग, मस्सा, तिल, कार्न वार्ट, सोराएसिस, एक्जीमा, एंटी एजिंग, नाखुन के रोग, बाल झड़ना, शिशु चर्मरोग, कान की सिलाई, पी.आर.पी केमिकल पीलिंग, मेडिफेशियल, डर्मारोलर
मिलने का समय-सुबह 9:30 बजे से दोप.11:30 बजे तक एवं सायं 4:30 बजे से सायं 7:30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

इयूरेबल डिज़ाइनर फर्नीचर की फुल रेंज
अब है स्मार्ट फर्नीचर का जमाना
FURNITO
THE FURNITURE HUB...
गौरी शंकर मंदिर के पास, खैबर लाइन, माधव नगर कटनी (म.प्र.)
- Call -
9770037027

CITY Mall
EVERYTHING UNDER ONE ROOF
AVAILABLE FACILITIES
SHOPPING FUN FOOD ENTERTAINMENT HOSPITALITY
ASSOCIATED WITH
BIG BAZAAR Making India Beautiful
Reliance digital
TRENDS GET THEM TALKING
PLANET FASHION
U-TURN EMPIRE OF FAMILY FASHION
BOLSA
GALAXY GAME ZONE
City Pride Cinema
Food Junction The Food Court
HOTEL GRAND MERIDIAN
FLAVOURS Multi Cuisine Family Restaurant
GRAVITY THE PUB
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P.)
Phone : +91 7622 422408, email : citymallkatni@gmail.com



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)